पेज थ्री देहरादून

डीएम ने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षकों के साथ जिला टास्क फोर्स की बैठक ली।



देहरादून, मंगलवार, 22 फरवरी 2022 पेज 8

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### तपोवन टनल से फिर मिला एक और शव

**संवाददाता** देहरादून। एनटीपीसी की 520 मेगावाट वाली तपोवन विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना की तपोवन सुरंग से एक और शव बरामद हुआ है। शव की शिनाख्त कर ली गई है। ऋषि गंगा की आपदा में मारे गए लोगों में से अभी तक 137 शव बरामद हो चुके हैं। पिछले साल सात फरवरी को ऋषि गंगा की आपदा में मारे गए लोगों के शव मिलने का सिलसिला अभी भी जारी है। आपदा में 206 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें से अभी तक 136 के शव बरामद किए जा चुके हैं। सोमवार को यहां सुरंग की सफाई के दौरान एक शव और बरामद हुआ है, जिसकी शिनाख्त रोहित भंडारी पुत्र डबल सिंह निवासी किमाणा चमोली के रूप में हुई है।

### यूक्रेन से लौटने के इच्छुक छात्रों पर संकट

**संवाददाता** देहरादून। यूक्रेन में संभावित युद्ध के खतरे में जी रहे भारतीय छात्रों ने संकट के समय एयर इंडिया की फ्लाइट का किराया बढ़ाने का विरोध किया है। छात्रों का कहना है कि संकट के समय सहायता के बजाय दोगुना किराया वसूल करना गलत है। सरकार को इस फैसले को वापस लेना चाहिए जिससे बिना किसी कर्ज के छात्र सकुशल स्वदेश लौट सकें। रुद्रपुर के प्रीत विहार, मलसा आदि क्षेत्रों के रहने वाले छात्र यूक्रेन में रहकर मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। छात्रों ने कहा कि युद्ध की आशंका के चलते वे मुश्किलों में घिर गए हैं।

### कुमाऊंनी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का आह्वान

**संवाददाता** देहरादून। मातृभाषा दिवस पर गरुड़ में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कुमाऊंनी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि आज कुमाऊंनी बोली भाषा का रूप ले चुकी है। इस मौके पर वक्ताओं ने प्रत्येक विद्यालय में कुमाऊंनी भाषा शिक्षक की नियुक्ति करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कई पत्र पत्रिकाएं आज कुमाऊंनी में छप रही हैं।

### 270382 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य

**संवाददाता** रुद्रपुर। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षकों के साथ जिला टास्क फोर्स की वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिये बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान 27 से पांच मार्च 2022 तक चलने वाले कार्यक्रम की शत–प्रतिशत सफलता की रणनीति बनाई। डीएम ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में बैठक में कहा कि कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए संबंधित अधिकारी अभी से ठोस कार्ययोजना बनाएं। अधिकारी पल्स पोलियो के कार्य को गंभीरता से लें।

# 2024 तक पूरी तरह से अस्तित्व में आ जाएगा मेडिकल कॉलेज

**जायजा**

- सीएम धामी ने हरिद्वार में निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का किया निरीक्षण
- अधिकारियों से निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार आएगी। बाकी सब 10 मार्च को चुनाव नतीजों के बाद पूरी स्थिति साफ हो जाएगी। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जगजीतपुर में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

मेडिकल कॉलेज तैयार कर रही निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से कार्यों की प्रगति भी जानी। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा निर्माण कार्य में गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाए। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अगस्त 2024 तक मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य पूरा कराने का लक्ष्य है। 2024 तक यह पूरी तरह से अस्तित्व में आ जाएगा।



**एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए मील का पत्थर होगा साबितः** कहा कि मेडिकल कॉलेज एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले छात्र–छात्राओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही यह हरिद्वार के विकास में भी अहम योगदान देगा। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज भवन के मानचित्र को भी देखा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार आ रही है।

कहा कि पार्टी के लोगों को अपनी बात पार्टी फोरम पर रखनी चाहिए। चाहे उसमें विधायक हो या पार्टी संगठन का कोई भी पदाधिकारी। मुख्यमंत्री ने कनखल स्थित हरिहर आश्रम में पहुंचकर जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि से आध्यात्मिक मुलाकात भी करेंगे। जिसमें सीएम ने अवधेशानंद से आशीर्वाद ग्रहण किया।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, सीएमओ डॉक्टर कुमार खगेंद्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष डा. जयपाल सिंह चौहान, पूर्व मेयर मनोज गर्ग आदि मौजूद रहे।

### घरेलू बिजली के बिल अब प्रतिदिन के आधार पर आएंगे

**संवाददाता** देहरादून। देश में घरेलू बिजली के बिल अब प्रतिदिन के आधार पर आएंगे। अब मासिक बिलिंग 25 से 35 दिन में और द्विमासिक बिलिंग 55 से 65 दिन में होगी। घरेलू बिलिंग के नए फार्मूले से कई उपभोक्ताओं के एनर्जी और फिक्स चार्जेस में आठ फीसदी तक की कमी आएगी। नए फार्मूले से घरेलू बिलिंग में एकरूपता आने के साथ ही उपभोक्ताओं को बिलिंग में अनियमितता से छुटकारा मिलेगा। यूपीसीएल के मुख्य अभियंता (वाणिज्य) जीएस कुंवर ने फरवरी से प्रतिदिन के आधार पर बिलिंग करने के आदेश जारी कर दिए हैं। अविभाजित उत्तर प्रदेश के समय से ही घरेलू बिलिंग का त्रुटिपूर्ण फार्मूला होने से कई बार कम यूनिट खपत करने वाले उपभोक्ताओं को अधिक यूनिट खपत करने वाले उपभोक्ताओं से अधिक मूल्य चुकाना पड़ रहा था। वहीं इस मामले को चैन सिंह रावत के आग्रह पर केदारनाथ के विधायक मनोज रावत ने भी दिसंबर 2021 के शीतकालीन सत्र में उठाकर विधानसभा अध्यक्ष से फॉर्मूला बदलने की मांग की थी। नए फार्मूले से उपभोक्ताओं को फिक्स चार्ज और एनर्जी चार्ज से हो रहे नुकसान और अनियमितता से छुटकारा मिल जाएगा।

# दून अस्पताल में एमआरआई जांच का इंतजार खत्म

**राहत**

- मरीजों की सोमवार से शुरू कर दी गई है जांच

**संवाददाता**

देहरादून। दून मेडिकल कालेज चिकित्सालय में एमआरआइ जांच का इंतजार खत्म हो गया है। मरीजों की जांच सोमवार से शुरू कर दी गई है। इससे निम्न और निम्न मध्य वर्ग को काफी राहत मिलेगी। उन्हें निजी लैब में नहीं जाना पड़ेगा।

बता दें, दून मेडिकल कालेज चिकित्सालय में एमआरआइ जांच दो साल से बंद है। पुरानी मशीन खराब होने के बाद से अस्पताल प्रशासन नई मशीन की खरीद में




लगा था, जिसमें खासा वक्त लग गया। जिस कारण मरीजों को खासी दिक्कत उठानी पड़ी है। खासकर, विभिन्न हादसों और हड्डी रोग, न्यूरो संबंधी मरीजों को निजी केंद्रों पर कई गुना दाम पर जांच करानी पड़ रही थी।

निजी केंद्रों पर एमआरआइ आठ से दस हजार रुपये में होती है, जबकि दून अस्पताल में साढ़े तीन हजार रुपये में। पूर्व में अस्पताल में हर दिन करीब 20–25 एमआरआइ होती थी। आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को निश्शुल्क जांच की सुविधा मिलती है। एमआरआइ प्रभारी महेंद्र भंडारी ने बताया कि एमआरआइ मशीन का ट्रायल पूरा हो चुका है। अब मरीजों की जांच की जा सकेगी।

**एनएसएस स्वयंसेवियों ने किया प्राणायामः** एमकेपी इंटर कालेज की एनएसएस स्वयंसेवियों ने दिन की शुरुआत योग एवं प्राणायाम से की। विशेष शिविर के दूसरे दिन सुबह पांच बजे सभी छात्राओं ने प्रार्थना की। इसके बाद सफाई अभियान में सभी छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में डा. केपी जोशी ने छात्राओं को मोटिवेट किया कि हम शिक्षा से कैसे समाज को जागरूक कर सकते हैं।

### कहीं छाए बादल तो कुछ जगह पहाड़ों पर हिमपात

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के कई जिलों में सुबह से धूप खिली हुई है, लेकिन कुछ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात जारी है। रुद्रप्रयाग, टिहरी सहित कई जिलों में मौसम साफ है। जबकि कुमाऊं के बागेश्वर में हिमपात हो रहा है। कुछ क्षेत्रों में बादल भी छाए हैं। मौसम के करवट बदलने से एक बार फिर ठंड बढ़ गई है। प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में 23 के बाद फिर बारिश और बर्फबारी हो सकती है। यह सर्दियों की आखिरी बारिश और बर्फबारी भी हो सकती है, जिसके बाद मौसम में गर्मी बढ़ने का अनुमान है। प्रदेश के लगभग सभी इलाकों में इसका असर देखने को मिल सकता है। हालांकि जाते–जाते होने वाली बारिश और बर्फबारी से कुछ देर के लिए ठंड में इजाफा हो सकता है। मौसम विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, लगभग सभी क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखाई देगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।